विश्व की सिरमौर मेवाड़ की रॉल्स रॉयस पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन

उदयपुर। पिछले वर्ष अगस्त माह में अमेरिका के कैलिफॉर्निया प्रांत के पेबल बीच में आयोजित दुनियाभर की विंटेज कारों की प्रतियोगिता में उदयपुर के मेवाड़ घराने की विंटेज कार '1924 रॉल्स रॉयस 20 एचपी, बारकर ट्योरर' (जीएलके 21) को अपनी श्रेणी में दुनियाभर में प्रथम नवाजा गया। इस संपूर्ण समारोह पर महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन उदयपुर के प्रबंध न्यासी एवं अध्यक्ष तथा एचआरएच ग्रुप ऑफ होटल्स उदयपुर के चेयरमैन अरविंद सिंह मेवाड़ के निर्देश पर लिखी पुस्तक 'द रॉयल उदयपुर आरआरजीएलके 21 क्लासिक ड्राइव फ्रॉम डर्बी टू उदयपुर टू पेबल बीच एंड...कंटीन्यूस' (कॉफी टेबल बुक) का सोमवार को यहां सिटी पैलेस स्थित शंभू निवास पैलेस में विमोचन किया गया। 197 पेजों एवं 261 रंगीन चित्रों के साथ प्रकाशित इस किताब में मेवाड़ घराने की ऐतिहासिक कारों, पेबल बीच में आयोजित समारोह के साथ विजेता कार की संपूर्ण यात्रा वृतांत दर्शाया गया है।

पुस्तक में सामग्री संकलन विंटेज एंड क्लासिक कार कलेक्शन सिटी पैलेस के प्रबंधक अनु विक्रम सिंह करजाली ने किया है, जबकि सहयोग बॉब रूपानी एवं गौतम सेन ने किया है। पुस्तक का प्रकाशन महाराणा मेवाड़ हिस्टोरिकल पब्लिकेशन ट्रस्ट ने करवाया है।